

एक नजर में

## जिला स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में दाताहरी पब्लिक स्कूल के विधार्थियो नें जिले मे प्रथम स्थान प्राप्त किया



**कुक्षी।** जिला स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में दाताहरी पब्लिक स्कूल के विधार्थियो नें जिले मे प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यार्थियों ने विद्यालय के साथ नगर का नाम जिले मे रोशन किया.जानकारी देते हुए विद्यालय प्राचार्य दर्शनी जी पाटीदार नें बताया की जिला खेल विभाग द्वारा राजग? मे जिला स्तरीय टूर्नामेंट का आयोजन किया गया था इसमें स्कूल के कोच गौरव कर्माजी एवं विधार्थियो की कुशल टीम वर्क रणनीति के साथ अंडर 14 में जिले मे प्रथम स्थान बनाया. इस उपलब्धि पर संस्था के अध्यक्ष महेंद्र सेठजी गुप्ता,बाबूलाल जी गुप्ता,राजेंद्र गुप्ता,अनिल गुप्ता आदि समिति सदस्यों एवं विद्यालय परिवार नें विधार्थियो एवं कोच गौरव कर्मा को बधाई और शुभकामनाए दी.

## टांडा में पर्युषण पर्व प्रारंभ
### साध्वी जी तत्वलता श्री जी की निश्रा में चेत्त्य परिपाटी निकली



**टांडा** – पुण्य सम्राट के कृपा पात्र टांडा नगर में तत्व चिंतन चातुर्मास हर्ष उल्लास से चल रहा हृदय सम्राट धर्म दिवाकर वर्तमान आचार्य श्रीमद विजय नित्यसेन सूरीजी महाराज सा आचार्य श्रीमद विजय जयरत्न सूरीजी महाराज सा की आज्ञानूवर्ती पूज्य साध्वी तत्वलता श्री जी पूज्य साध्वी कुसुमलता आदि ठाणा 4 की पावन निश्रा में बुधवार को आठ दिवसीय पर्युषन पर्व तप जप साधना के उत्साह मय वातावरण में प्रारंभ हुए प्रात: 5 बजे राईय प्रतिक्रमण से धार्मिक क्रिया प्रारंभ हुई इसके पश्चात नगर में प्रभात फेरी निकाली गई मंदिर में भगवान का शक्रस्तव अभिषेक किया गया देव दर्शन गुरुवंदन के बाद भक्तांबर स्त्रोत्र गुरु इक्कीसा का पाठ हुआ जिसमे प्रतिवर्षानूसार इस वर्ष भी भक्तांबर ड्रा रखा गया भक्तांबर ड्रा प्रभु की अंग रचना का लाभ सुरेश कुमार कोठारी परिवार ने लिया गुरुदेव की आरती पारस कुमार तलेरा परिवार ने लिया प्रवचन के बाद की प्रभावना उत्सवचंद जी आनंदीलाल डूंगरवाल परिवार ने लिया दोपहर में भगवान की रथ यात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से निकाली गई जुलूस के समापन पर मंदिर जी में भगवान की आरती राजेंद्र कुमारचौहान परिवार ने लिया मंगलदीप संतोष कुमार भंडारी परिवार ने लिया शाम को देवसीय प्रतिक्रमण के पश्चात भगवान की आरती उतारी गई तरुण परिषद द्वारा भगवान की आकर्षक अंग रचना की गई ।

## सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का प्रॉपर्टी एक्सपो 23 को

**इंदौर .** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा एक भव्य प्रॉपर्टी एक्सपो के आयोजन की घोषणा की गई है। यह एक्सपो आगामी 23 अगस्त 2025 को हॉटल अभिनंदनम, विजयनगर इंदौर में सुबह 10 बजे से आयोजित किया जाएगा। इस एक्सपो में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा विभिन्न शाखाओं द्वारा हक्कखातों में बंधक रखी गई प्रॉपर्टी जो कि निलामी द्वारा विक्रय हेतु आकर्षक दरो में उप्लब्ध है। इस एक्सपो में प्रॉपर्टी डीलर, होम लोन विशेषज्ञ और बैंक के ऋण अधिकारी उपस्थित रहेंगे। इस एक्सपो में आकर्षक ब्याज दरों पर होम लोन की सुविधा, विभिन्न शहरों की रजिस्टर्ड आवासीय और व्यावसायिक संपत्तियों के साथ-साथ विशेषज्ञों द्वारा मुफ्त काउंसलिंग और सहायता प्राप्त होगी। सभी सम्मानीय ग्राहकों, गृह खरीदारों, निवेशकों और रियल एस्टेट में रुचि रखने वाले नागरिकों से आग्रह है कि वे इस एक्सपो का लाभ उठाने जरूर आये .

## पौधारोपण कार्यक्रम 23 को

इंदौर . वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत 23 अगस्त को नायता मुंडला क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय के सामने स्थित सड़क किनारे ग्रीन बेल्ट में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा . इस अवसर पर केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री श्री अर्जुन राम मेघवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे . कार्यक्रम में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधिगण शामिल होंगे .

## पीएनजी ज्वेलर्स इंदौर में वापसी कर रहा

**इंदौर .** पी एन गाडगील ज्वेलर्स लिमिटेड गर्व के साथ घोषणा करता है कि वह 23 अगस्त को इंदौर में अपना नया शोरूम लॉन्च करने जा रहा है . यह कंपनी का महाराष्ट्र से बाहर पहला रिटेल विस्तार है . इंदौर में विस्तार का कारण शहर की विकास क्षमता, महाराष्ट्र से सांस्कृतिक जुड़ाव और पारंपरिक शिल्पकला की साझा सराहना है . 192 वर्षों की विरासत के साथ, पीएनजी ज्वेलर्स एक पारिवारिक ज्वेलर के भरोसे को कॉर्पोरेट मूल्यों से जोड़ता है और सप्तम, कथा, नक्षी, स्वराज्य और आशीर्वाद जैसी विशेष कलेक्शन्स प्रस्तुत करता है, जो परंपरा और भावनात्मक कहानी कहने की कला से प्रेरित हैं . आगामी लॉन्च के बारे में बात करते हुए पीएनजी ज्वेलर्स के सीआरएम, मार्केटिंग, ई-कॉमर्स और सीएसआर हेड हेमंत चव्हाण, ने कहा इंदौर, पीएनजी की विरासत और मूल्यों से गहराई से जुड़ा है . हमारी वापसी केवल व्यवसाय विस्तार नहीं है, बल्कि उस बाज़ार से दोबारा जुड़ाव है जो परंपरा को महत्व देता है और आधुनिक डिज़ाइन को अपनाता है . यह शोरूम सोना, हीरा और चांदी की बेहतरीन विविधता प्रस्तुत करेगा, जो हर ग्राहक वर्ग के लिए प्रामाणिकता, नवाचार और मूल्य सुनिश्चित करेगी . इंदौर लॉन्च, पीएनजी ज्वेलर्स की बड़ी रणनीति का हिस्सा है जिसके तहत कंपनी तीन राज्यों से बढ़कर छह राज्यों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराना चाहती है, जिसमें मध्य और उत्तर भारत पर विशेष ध्यान दिया जाएगा .

## टास्कअस इंडिया ने करूणा व एकता का संदेश दिया

**इंदौर .** टास्कअस इंडिया ने 13 से 15 अगस्त तक अपने सभी केंद्रों पर स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित किए और इस अवसर को आशा, समानता और कम्युनिटी सर्विस को समर्पित किया . इस समारोह में इंदौर और गुरुग्राम ऑफिसिज के टीम के सदस्य सार्थक पहलों के माध्यम से स्वतंत्रता, करुणा और एकता के संदेश फैलाने के लिए एक साथ आए . इंदौर के रंगरेज़ा स्थल पर, समारोह का मुख्य आकर्षण रॉबिनहुड आर्मी के सहयोग से आयोजित फूड डोनेशन ड्राइव था . लगभग 50 टीम के सदस्यों ने विभिन्न स्थानीय समुदायों में ज़रूरतमंद व्यक्तियों और परिवारों को ताज़ा तैयार भोजन वितरित करने के लिए अपना समय और प्रयास स्वेच्छा से दिया . सपना भंबानी, इंडिया कंट्री लीड, टास्कअस इंडिया ने कहा कि टास्कअस में, हम स्वतंत्रता दिवस को सभी के लिए प्यार और करुणा का विस्तार करने और लोगों के जीवन में एक ठोस बदलाव लाने के अवसर के रूप में देखते हैं . इंदौर में, हमारे रंगरेज़ा टीम के साथियों ने कम्युनिटी के भीतर शरीर और आत्मा दोनों को नई ऊर्जा देने के लिए अपना समय समर्पित करके इस विश्वास को पूरे दिल से अपनाया . गुरुग्राम के प्रयासों ने इसी भावना को प्रतिबिंबित किया, जिससे हमारा स्वतंत्रता दिवस आशा, एकता और करुणा का एक राष्ट्रव्यापी उत्सव बन गया .





# जय श्री श्याम के जयकारों के साथ निकाली निशान यात्रा

## बाबा का भव्य दरबार, 12 किमी . की पैदल यात्रा, 51 श्याम निशान, यात्रा का हुआ भव्य स्वागत

**पंडित संजय कुमार मिश्रा**

**सिंघाना.** अजा एकादशी के पावन पर्व पर श्याम सेवा समिति एवं परमार्थ सेवा समिति सिंघाना के द्वारा श्री खाटू नरेश की भव्य निशान पद यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो पुरुष और महिलाए श्याम प्रेमी सम्मिलित हुवे। निशान पद यात्रा श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर झण्डा चौक सिंघाना से प्रारंभ प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए सिंघाना से 12 किलोमीटर दूर बैकुंठ धाम श्री श्याम मंदिर कुराड़ाखाल पहुंची। खाटू श्याम जी की इस निशान पद यात्रा में श्री श्याम बाबा का भव्य दरबार रथ पर सजाया गया। रास्ते में पुष्प वर्षा इत्र वर्ष की गई ग्राम वासियों के द्वारा श्याम प्रेमियों का स्वागत किया गया। श्याम प्रेमी बाबा श्री श्याम का निशान लेकर पदयात्रा में डीजे और ढोल की धुन पर भक्ति में मगन होते हुए बाबा श्याम के जयकारों के साथ नाचते गाते चल रहे थे। ग्राम बोरूद में श्याम प्रेमियों के द्वारा निशान यात्रा का भव्य स्वागत किया गया जिसमें ग्राम बारूद के श्याम प्रेमी अजय मालवीय द्वारा आलू की चिप्स एवम् नमकीन छांछ वितरित की गई। इसी प्रकार टोल नाका देदला में भी सिंघाना उपसरपंच संदीप अग्रवाल द्वारा फलाहारी खिचड़ी व फल वितरित किए गए। बड़वानी से आए हुए श्याम परिवार अग्रवाल फैमिली द्वारा रास्ते में फूल और इत्र वर्षा से स्वागत किया साथ ही साथ केले फल बाटे। चाय सेवा के लाभार्थी अमित थिंपू गुप्ता द्वारा रस्ते में सेवा दी गई। रामाजी जिराती द्वारा रास्ते भर ठंडे पानी की व्यवस्था की गई। श्याम प्रेमियों को वापस लाने के लिए दीपक राठौर के द्वारा वाहनों की व्यवस्था लगाई गई।



बैकुंठ धाम श्री श्याम मंदिर कुराड़ाखाल मंदिर में यात्रा की अगवानी की गई, मंदिर के प्रमुख पुजारी कपिल शास्त्री द्वारा सभी श्याम भक्तों का अभिवादन स्वागत सत्कार किया गया व 51 निशान की पूजा की गई और श्री श्याम बाबा के दर्शन पूजन और महाआरती कर सत्संग किया गया। महाप्रसादी वितरण कर यात्रा पूर्ण हुई। सिंघाना पुलिस चौकी के आशुतोष जोशी और उनकी पूरी टीम का पूर्ण सहयोग रहा, 12 किलोमीटर की इस यात्रा में पैदल साथ में चलकर ट्रैफिक व्यवस्था को संभाला जिनकी प्रशंसा श्री श्याम सेवा समिति के द्वारा की गई। श्री श्याम सेवा समिति के प्रमुख राकेश जी राठौड़ ने बताया कि इस भव्य यात्रा में लगभग 500 श्याम प्रेमियों ने हिस्सा लिया 51 निशान 12 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर बैकुंठ धाम श्री श्याम मंदिर कुराड़ाखाल में चढ़ाए गए हैं। रौनक पाटीदार ने आभार प्रकट करते हुवे कहा कि श्री श्याम सेवा समिति और परमार्थ सेवा समिति का भरपूर सहयोग रहा है जिसे यह यात्रा सफलतापूर्वक संपन्नहुई है। साथ ही साथ सभी सेवादारो का अभिवादन और आभार व्यक्त किया है।

## भील महासंघ की बैठक 22 अगस्त को धार में, पदाधिकारियों की नियुक्ति पर होगा फ़ैसला

धार, भील महासंघ, मध्य प्रदेश की एक महत्वपूर्ण बैठक 22 अगस्त को धार में होने जा रही है। इस बैठक में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए पदाधिकारियों के साथ भील समाज के भविष्य और संगठन की नई रणनीति पर चर्चा होगी। इस बैठक का मुख्य एजेंडा मध्य प्रदेश के भील बहुल ज़िलों में नए पदाधिकारियों की नियुक्ति करना है। संगठन के अध्यक्ष श्री गुमान सिंह डामोर की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में यह तय किया जाएगा कि किन योग्य और समर्पित व्यक्तियों को



संगठन की ज़िम्मेदारी सौंपी जाए। महासंघ के अध्यक्ष श्री गुमान सिंह डामोर ने बताया कि इस बैठक का मकसद संगठन को ज़मीनी स्तर पर और मज़बूत बनाना है। उन्होंने कहा कि नई नियुक्तियों से संगठन में नई ऊर्जा का संचार होगा और यह समाज के हितों और कल्याण के लिए और भी प्रभावी ढंग से काम कर पाएगा।

# मनावर की छात्रा साक्षी के नाम स्वर्ण पदक

**धार, 20 अगस्त 25। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय की अलीराजपुर में आयोजित चौथी ईएमआरएस राज्य एथलेटिक्स प्रतियोगिता में ईएमआरएस मनावर की छात्रा साक्षी जमरा ने 3 किलोमीटर की रेस वॉक में गोल्ड मेडल जीता और इसी जीत के साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर चयनित हुई हैं, जो कि नवंबर में ओडिसा में आयोजित होगी।** विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्राचार्य श्री सीएल टनवे, श्री सुनील पुरोहित, खेल शिक्षक श्री निर्भय सिंह और श्रीमती नीतू एवं पूरे स्टाफ ने हर्ष व्यक्त कर बधाई दी है।







# अमझेरा की गौशालाओं एवं पशु चिकित्सालय का निरीक्षण

**धार, 20 अगस्त 25।** उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा गत दिवस अमझेरा क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। सर्वप्रथम पशु चिकित्सालय अमझेरा का निरीक्षण किया गया। तत्पश्चात् क्रमश: रूखमणी श्रीकृष्ण गौशाला अमझेरा तथा श्री कामधेनू गौशाला चालनी का निरीक्षण भी किया गया। निरीक्षण के दौरान ग्राम अमझेरा निवासी पशुपालक श्री गोविंद पिता दशरथ चौधरी से चर्चा की गई, जो लगभग 150 जाफराबादी भैंसों का पालन कर रहे हैं। उनकी एक जाफराबादी भैंस, जिसकी कीमत लगभग 5 लाख रूपए आंकी गई है। पशुपालक श्री गोविंद ने बताया कि वे प्रतिदिन 30 लीटर दूध दे रही है तथा संपूर्ण भैंसों से प्रतिदिन लगभग 1000 लीटर दूध उत्पादन हो रहा है।



इसके अलावा ग्राम राजपुरा में पशुपालक शोभाराम चौधरी की 35 गिर गायों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। वहीं ग्राम अमझेरा में का? वेरिफिकेशन ( बछ?ा सत्यापन ) किया गया तथा एआई-पीडी-बछडे का जन्म को समयसीमा में पूर्ण करने हेतु स्पष्ट निर्देश प्रदान किए गए। निरीक्षण के दौरान पशु टीकाकरण अभियान को गति देने तथा किसान क्रेडिट कार्ड (चष्टष्ट) योजना के लक्ष्यों को गंभीरता से पूर्ण करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए।

## संपूर्णता अभियान में तिरला ब्लॉक को उत्कृष्ट उपलब्धि, कलेक्टर प्रियंक मिश्रा को स्वर्ण पदक

**धार. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने धार जिले के कलेक्टर प्रियंक मिश्रा को संपूर्णता अभियान के तहत तिरला आकांक्षी ब्लॉक में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए स्वर्ण पदक से सम्मानित किया। यह सम्मान राजधानी भोपाल स्थित कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशनल सेंटर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रदान किया गया।**

नीति आयोग और राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2024 में शुरू किया गया संपूर्णता अभियान आकांक्षी जिलों और ब्लॉकों में विकास की गति तेज़ करने की एक विशेष पहल है। इसका लक्ष्य स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, कृषि और सामाजिक विकास से जुड़े छह-छह प्रमुख संकेतकों को सौ प्रतिशत तक पहुँचाना है। इनमें गर्भवती महिलाओं की जाँच व पोषण, बच्चों का पूर्ण टीकाकरण, स्कूलों में बिजली और किताबों की उपलब्धता, मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण और स्वयं सहायता समूहों को वित्तीय सहयोग जैसे कार्य शामिल हैं।



एक नजर

**अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत विगत 1974 से ग्राहकों के अधिकार व शोषण मुक्त समाज के लिए काम कर रहे है**

# अ भा ग्राहक पंचायत की बैठक संपन्न, प्रांत संगठन मंत्री कौशल का किया स्वागत

**धार । अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की बैठक बुधवार को संपन्न हुई जिसमें प्रांत संगठन मंत्री मुकेश कौशल का प्रवास रहा । आपको बता दें कि अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत विगत 1974 से ग्राहकों के अधिकार व शोषण मुक्त समाज के लिए काम कर रहे हैं जिसमें समय समय पर ज्ञापन व कार्यक्रमों के माध्यम से ग्राहको की आवाज को बुलंद करने का काम किया जाता है ।**

ग्राहक पंचायत की महत्वपूर्ण बैठक हुई जिसमें प्रांत संगठन मंत्री मुकेश कौशल का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ जिसमें कई बिंदुओं पर चर्चा की उन्होंने सदस्यता अभियान , कार्यकारिणी, ग्राहक सेवा केंद्र, पर्यावरण, सायबर सुरक्षा जिसे विषयो पर कार्य करने के लिए कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित भी किया ।जिसके पश्चात श्रीं कोशल का पुष्पहार से स्वागत भी किया गया। ग्राहक पंचायत के जिला संयोजक महेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि ग्राहक पंचायत समाज मे रहकर समाज को शोषण मुक्त रखने के लिए कार्य करने वाला संगठन हे जिसमें आम समाज जन रोजमर्रा की चीजों में भी अपना हित निकाल सकता है जेसे गैस सिलेंडर को तोलकर लेना, बिजली के बिल भरने के पुर्व रीडिंग चेक कर लेना एव विभिन्न ऐसे कार्य से बचत की जा सकती है जिसका हमे आभास होना चाहिए।



उक्त बैठक में जिला संयोजक महेंद्र सिंह ठाकुर, वरिष्ठ मार्गदर्शक प्रेम विजय पाटील, प्रकाश निगम, जितेन्द्र ठाकुर, कीर्तिक, राहुल चावडा, ओम माधवाचार्य, जय सूजान, अभिषेक चौधरी, सुमित सरण, जितेन्द्र लववंशी, दीपक सिंगारे व कार्यकर्ता उपस्थित थे ।